Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 10-08-2006

Participants : Aditya Nath Shri

>

Title : Need to check the infiltration on Indo-Bangladesh border.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : महोदय, बांग्लादेशी अवैध घुसपैठ की समस्या आज केवल भारत-बांग्लादेश सीमा तक ही सीमित नहीं रही। देश के विभिन्न भागों में इनकी राट्रविरोधी गतिविधियां न केवल कानून व्यवस्था की दृटि से अपितु अन्य दृटियों से भी सबकी चिंता का विाय बन गया है। आज पूरे देश में लगभग ढाई करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठिए अवैध तरीके से रह रहे हैं। पूर्वोत्तर के सभी राज्यों तथा पश्चिम बंगाल और बिहार में इन घुसपैठियों ने पूरा जन-सांख्यिकी संतुलन ही बिगाड़ दिया है। अवैध धुसपैठ के कारण ही बिहार के पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, कटिहार, सहरसा आदि तथा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और उत्तरी दिनाजपुर जिले मुस्लिम बाहुल्य हो चुके हैं। असम की स्थिति तो अत्यंत विस्फोटक है। 126 विधानसभा क्षेत्रों में से लगभग 36 विधानसभा क्षेत्रों में ये बांग्लादेशी घुसपैठिए जन प्रतिनिधियों के भाग्य निर्माता बन गए हैं। असम सहित त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, अरूणाचल प्रदेश तथा मिजोरम में वर्ा 1991 तथा वर्ा 2001 के बीच जनसंख्या में 19 प्रतिशत से ले कर 31 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। इन अवैध घुसपैठियों ने अपने नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करा लिए हैं तथा राशनकार्ड भी बनवा लिए हैं। आज पूरे देश में 20 लोकसभा क्षेत्रों तथा लगभग 125 ि वधानसभा क्षेत्रों में ये घुसपैठिए चुनाव परिणाम को प्रभावित करने वाली स्थिति में आ गए हैं। राजधानी दिल्ली में भी इनकी संख्या लाखों में है, जो आए दिन कानून व्यवस्था के लिए समस्या बनते जा रहे हैं। विभिन्न अपराधों तथा राट्रविरोधी गतिविधियों में अनेक बांग्लादेशियों के समूह लिप्त पाए गए हैं।

माननीय गृहमंत्री कृपया इस संबंध में माननीय सदन में अपना स्पट वक्तव्य दें तथा राट्रविरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजने के संबंध में सरकार ने क्या कदम उठाए हैं, स्पट करने का कट करें।